दिनांक 11 जुलाई 2022 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

# निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने शहर की सफाई व्यवस्था के लिया किया निरीक्षण, गंदगी पसारने वाले को लगा जुर्माना

भिलाई नगर/ नगर निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने आज शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर सुपेला से लेकर गदा चौक तक का पैदल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सुपेला चौक के समीप एक मिष्ठान व्यवसायी के द्वारा गंदगी फैलाया जा रहा था। निगमायुक्त ने अधिकारियों को गंदगी फैलाने के कारण जुर्माना लगाने के निर्देश दिए। निर्देश के परिपालन में दुकानदार से 7000 का जुर्माना गंदगी पसारने को लेकर वसूला गया, इधर इसी तरह गंदगी फैलाने वाले तीन और अन्य लोगों से भी जुर्माना वसूला गया। निगमायुक्त ने कहा कि अपने दुकानों के आसपास सफाई रखें तथा कचरा को डस्टबिन में ही डालें। हर दुकानदार को डस्टबिन रखना अनिवार्य है ताकि कचरे का उचित निपटान किया जा सके। विगत कई दिनों से कचरा नहीं फैलाने को लेकर समझाइश जा रही है। परंतु फिर भी बाज़ नहीं आने वाले लोगों से जुर्माना वसूलने की कारवाही भिलाई निगम कर रहा है। शहर की सुंदरता पर । दाग लगाने वाले ऐसे लोगों से अर्थदंड वसूलने की कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी। निगमायुक्त ने पूरे लक्ष्मी मार्केट का भी निरीक्षण किया। उन्होंने दुकानदारों से चर्चा कर अपने अहाता को निर्धारित दायरे में रखने के निर्देश दिए। वहीं उन्होंने वृक्षारोपण को लेकर भी अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कई जगहों पर नालियों में पड़े कचरे को हटाकर सफाई के निर्देश उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारी को दिए। निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने अधिकारियों के साथ कुरूद क्षेत्र में एकता चौक के समीप का निरीक्षण किया। कई स्थानों पर अवैध अतिक्रमण के चलते ट्रैफिक जाम होना पाया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ट्रैफिक जाम की स्थिति न बने और एक्सीडेंट की संभावना भी न हो इसके लिए अवैध व अतिरिक्त अतिक्रमण पर बेदखली की कार्रवाई करें। निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त मनीष गायकवाड एवं पूजा पिल्ले , प्रभारी कार्यपालन अभियंता कुलदीप गुप्ता , स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा , जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना एवं अनिल मिश्रा सहित अन्य मौजूद रहे।